पैरागन कान्वेंट स्कूल

कक्षा - 3

व्याकरण

विराम चिन्ह

परिभाषा - विराम चिन्ह का अर्थ है ठहराव , विश्राम, रुकना। अर्थात वाक्य लिखते समय विराम को प्रकट करने के लिए लगाए जाने वाले चिन्हों को ही विराम चिन्ह कहते है।

विराम चिन्ह के प्रकार :

पूर्ण विराम (।)

जब वाक्य खत्म हो जाता है तब वाक्य के अंत में पूर्ण विराम (।) लगाया जाता है। विस्मयबोधक और प्रश्नवाचक वाक्यों के अतिरिक्त सभी वाक्यों के अंत में इसका प्रयोग होता है।

उदाहरण :

1. राम खाना खाता है।
2. मोहन स्कूल जाता है।
3. मैंने अपना कार्य पूरा कर लिया ।

प्रश्नसूचक चिन्ह (?)

जिस वाक्य में कोई प्रश्न पूछा गया हो , उनके अंत में प्रश्नसूचक चिन्ह (?) लगाया जाता है।

उदाहरण :

1. तुम कौन हो ?
2. ताजमहल किसने बनाया ?
3. आज कौन आया था?

विस्मयादिक चिन्ह (!)

आश्चर्य , भय ,घृणा ,करुणा आदि शब्दों अथवा वाक्यों के बाद इस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण :

1. वाह! तुम धन्य हो।
2. अरे ! तुमने कार्य बड़ी जल्दी पूरा कर लिया।
3. हाय! वहमर गया।

अल्प- विराम (,)

वाक्य में जहाँ थोड़ा - सा रूककर आगे चला जाये, वहां अल्प- विराम लगाया जाता है।

उदाहरण :

1. आप इधर आइए, आपसे जरुरी बात करनी है।

2. भाई , हमें भी प्रसाद दे दो।

3. राम , सीता ,लक्ष्मण और हनुमान ये सब भगवान के रूप में पूजे जाते है।